उपमुख्यमंत्री ने एसोचैम की ओर से आयोजित सम्मेलन में कहा-लघु और मध्यम उद्योग राष्ट्र निर्माण में सहायक, प्रदेश में निवेश बढ़ा

# एमएसएमई को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार : ब्रजेश

## संबोधन

**लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि लघु और मध्यम उद्योग राष्ट्र निर्माण में सहायक होते हैं, जिन्हें बढ़ावा देने की जरूरत है। इस पर राज्य सरकार 2017 से ही काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में निवेश का माहौल लगभग नकारात्मक था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने तमाम स्तरों पर निवेश को बढ़ावा देने के प्रयास किए हैं। डिप्टी सीएम गुरुवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में एसोचैम के तत्वावधान में आयोजित एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

डिप्टी सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में सड़कों की स्थिति बेहतर हुई है। हर तरफ एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क तैयार हो रहा है। बिजली व्यवस्था जहां पहले हफ्ते भर के रोटेशन में रहा करती थी, वह स्थिति अब बदल चुकी है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था इतनी बेहतर हुई है कि निवेशक यहां बेखौफ होकर कारोबार या उद्यम लगाने में उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग ने बिजनेस को बढ़ावा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले इन्वेस्टर्स मीट में चार लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए।




एसोचैम के एमएसएमई सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत किया गया। मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

### यूपी में विकास की असीम संभावनाएं : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए सुरक्षित और संरक्षित स्थान बना है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी सभी कारकों में बेहतरी आई है। प्रदेश में आज बेहतर संसाधन, बेहतर कानून व्यवस्था और सड़कें मौजूद हैं। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि सरकार पेटेंट जैसे जटिल विषयों पर हर तरह के सहयोग के लिए हर समय तैयार है।

### सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र बनेगा : सचान

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि एमएसएमई सेक्टर को सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र बनाया जाए। जो निवेशक पहले प्रदेश में आने से डरते थे, वे आज यहां निवेश कर रहे हैं। यह बदलाव आया है प्रदेश में कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, एयर कनेक्टिविटी आदि के बेहतर होने से। हरदोई में एक हजार एकड़ भूमि एमएसएमई के लिए आवंटित की गई है।

### छोटे उद्यमियों को मिली सहूलियत : कपिल देव

मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा वक्त में छोटे उद्योगों के लिए व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा कठिन जरूर है, लेकिन प्रदेश सरकार सिंगल विंडो सिस्टम, सब्सिडी जैसी सहूलियत देकर इसे दूर कर रही है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार, यूपी स्मॉल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के एडिशनल कमिश्नर राजकमल यादव, एसोचैम की चेयरपर्सन सुषमा पाल बर्लिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शरीर अनमोल, नशीले पदार्थों से परहेज करें : उप मुख्यमंत्री

**लखनऊ, संवाददाता।** शराबबंदी संघर्ष समिति की ओर से गुरुवार को गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी में आयोजित राष्ट्रीय शराबबंदी महासम्मेलन में उपमुख्यमंत्री, मंत्री समेत अन्य नेताओं ने सभी से नशे से दूर रहने की अपील की। महासम्मेलन में लोगों को नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया गया। वहीं 'शराब बुराइयों की जड़' नामक पत्रिका का विमोचन हुआ और नशाबंदी के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मानव शरीर अनमोल है। हम दुनिया में हर वस्तु खरीद सकते हैं, लेकिन शरीर नहीं। बीमारी किसी को नहीं छोड़ती फिर चाहे अमीर हो या गरीब। इसलिए हमें अपने शरीर का बहुत ध्यान रखना चाहिए। शराब या अन्य नशीले पदार्थों से दूरी बनाकर हम शरीर को तमाम रोगों से बचा सकते हैं। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ने के लिए हमें सबसे पहले अपने घर से शुरुआत करनी होगी।



नशाबंदी के खिलाफ काम करने वालों को मंत्री नितिन अग्रवाल ने नवाजा।

### 'नशे से परिवारों को भी पहुंचता है नुकसान'

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि नशा न सिर्फ शरीर को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवारों को भी क्षति पहुंचाता है। बलरामपुर अस्पताल के मानसिक रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि शराब सेहत ही नहीं प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है। जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने शराब की बोतल जादू से गायब कर जागरूक किया।